अमर उजाला

चार लाख की नकली कीटनाशक दवा व रैपर बरामद कक

वाराणसी ब्यूरो Updated Fri, 11 May 2018 11:44 PM IST

बेल्थरारोड । उभांव थाना क्षेत्र के तिरनई खुर्द ग्राम में एक दुकान से पुलिस ने लगभग चार लाख रूपये का नकली कीटनाशक दवा ,रैपर व् खाली कुछ डिब्बे बरामद किया। यह कार्रवाई एफएमसी कंपनी के अधिकारियों की शिकायत पर उभाव् पुलिस ने की। हरियाणा के गुड़गांव की कंपनी एफएमसी ड्यूपॉट प्राइवेट लिमिटेड के जांचकर्ता कुमार दयाशंकर ने शुक्रवार को उभांव पुलिस को क्षेत्र के तिरनई ग्राम में कंपनी के नकली कीटनाशक की दवा सप्लाई होने की जानकारी दी। एसपी श्रीपर्णा गांगुली के निर्देश पर मामले को गंभीरता से लेते हुए उभांव इंस्पेक्टर रत्नेश कुमार सिंह ने एसआई अखिलेश मौर्य व थाने की टीम को तिरनई के लिए रवाना कर दिया। पुलिस ने कंपनी के जांचकर्ता के बताने के आधार पर ग्राम निवासी कन्हैया लाल के घर में संचालित दुकान की तलाशी ली। पुलिस ने मौके से पांच लीटर के पेंट डब्बे में भरा कीटनाशक केमिकल और 60 एमएल की खाली शीशी, कंपनी के नाम नकली रैपर व स्टीकर बरामद कर लिया। पुलिस के उक्त कार्रवाई से गांव में हड़कंप मच गया ।मौका देख दुकान मालिक फरार हो गया। पुलिस ने कीटनाशक सामानों को जब्त कर मुकदमा दर्ज कर लिया है । नकली बरामद कीटनाशक दवाओं की कीमत लगभग करीब चार लाख आंकी गयी है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/ballia/crime/201526062446-ballia-news